परिकल्पना आरंभ बिन्दु प्रदान करती है। एक अच्छी परिकल्पना की यह सार्वभौम विशेषता बतलाई गई है कि प्रथम समस्या आरंभ बिन्दु का पता लग सके। इससे इसबात की जानकारी मिल जाती है कि अध्ययन कहाँ से प्रारंभ किया जाय। अतः एक अच्छी परिकल्पना शोधकर्ता को तत्काल आरंभ बिन्दु प्रदान करता है।

(2) परिकल्पना शोध को एक निश्चित दिशा प्रदान करती है

एक अच्छी परिकल्पना से शोधकर्ता को यह ज्ञात होता है कि किस दिशा में प्रयास करना है और किस दिशा में प्रयास नहीं करना है। इससे श्रम एवं समय दोनों का अपव्यय नहीं होता है। करलिंगर (1978) महोदय के अनुसार "परिकल्पना से शोधकर्ता को शोध की एक निश्चित दिशा सूझ पड़ती है।"

(3) परिकल्पना को जाँचनीय होना चाहिए

जाँचनीयता मनोवैज्ञानिक शोध प्राक्कल्पना की एक महत्वपूर्ण कसौटी है। परिकल्पना ऐसी होनी चाहिए कि शोध कार्य में भटकाव की गुंजाइश कम हो। साथ-ही-साथ परिकल्पना जाँच सरल तथा सुगम हो सके।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner